## खबर संक्षेप

### आदि कर्मयोगी अभियान चलाया गया



**नारायणगंज।** जनपद पंचायत नारायणगंज के अंतर्गत ग्राम पंचायत कापा में आदि कर्मयोगी अभियान के अंतर्गत सभी को जानकारी दी गई एवं सरकारी जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाया गया जिसमें 5 वर्ष की अवधि पूर्ण कर चुके वन समितियां का पुनर्गठन की चर्चा की खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण सार्वजनिक वितरण प्राणी एवं अन्य कल्याणकारी योजना की सामाजिक संपरीक्षा पर चर्चा हुई पंचायत में आरएसआर साजन बढ़ाने पर चर्चा हुई अटल की सेवा केंद्र एवं ई कोर्ट की स्थापना पर चर्चा हुई सिकल सेल एनीमिया पर चर्चा एवं उसके संबंध में संकल्प पारित किया जाना शमशान स्थलों में सुवस्थित विकास हेतु शासन से जारी निर्देश दिनांक 2/9/ 25 के अनुसार कार्य पूर्ण जाने पर चर्चा की गई इस कार्यक्रम में ग्राम पंचायत कापा की सरपंच श्रीमती माधुरी मसराम सचिव दुर्गेश बिलखारे एवं ग्राम पंचायत के पांच गांव के सभी नागरिक की उपस्थिति सराहनी रही।

### प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के लिए अपात्र हुए 86 आवेदक

**मण्डला।** प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी बीएलसी घटक अंतर्गत कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी राजस्व मण्डला द्वारा जारी आदेश के परिपेक्ष्य में सर्वेक्षण, सत्यापन उपरांत अपात्र आवेदक 86 एवं भूमिहीन तथा आबादी क्षेत्र निवासरत आवेदको (राजस्व द्वारा मान्य स्पष्ट भूमि दस्तावेज नही होने के कारण) की संख्या 178 पाये गये। निकाय के प्रधानमंत्री आवास शाखा में उक्त सूची का अवलोकन कर आवेदन कर सकते है।

## स्कूल की छुट्टी के बाद घर नहीं पहुंची छात्रा, दूसरे दिन घायल अवस्था में स्कूल परिसर में मिली

# सिर पर गंभीर चोट और कटी थी चोटी





*** पूरी रात छात्रा बेहोश स्कूल में पड़ी रही।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

**जिले के बम्हनी बंजर क्षेत्र स्थित शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में मंगलवार शाम एक सनसनीखेज घटना सामने आई, जिसने पूरे क्षेत्र को हिलाकर रख दिया।**

बुधवार सुबह जब परिजन छात्रा को ढूंढते हुए स्कूल पहुंचे, तब वह शौचालय में अचेत अवस्था में मिली। छात्रा ने होश में आने पर बताया कि किसी ने पीछे से बोतल मारकर हमला किया, जिससे वह बेहोश हो गई। उसके सिर से खून बह रहा था और बालों की चोटी कटी हुई थी।

### अस्पताल में इलाज, हालत अब स्थिर

छात्रा को तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने बताया कि उसकी हालत स्थिर है, परंतु सिर पर गंभीर चोट है। बेहतर इलाज के लिए उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है।

### अधिकारी मौके पर, सुरक्षा पर उठे सवाल

घटना की जानकारी मिलते ही सहायक आयुक्त जनजाति कार्य विभाग वंदना गुप्ता मौके पर पहुंचीं और पूरे मामले की जानकारी ली। उन्होंने स्कूल की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर चिंता जताई।

### घटना का पूरा ब्यौरा

मंगलवार शाम करीब 4:30 बजे स्कूल की छुट्टी के बाद छात्रा शौचालय गई थी, लेकिन घर वापस नहीं लौटी। रातभर परिजन उसकी तलाश में जुटे रहे। बुधवार सुबह छात्रा स्कूल परिसर में बेहोशी की हालत में मिली, उसके सिर पर गहरी चोट और चोटी कटी हुई थी।

छात्रा ने बताया मैं छुट्टी के बाद शौचालय जा रही थी, तभी किसी ने पीछे से बोतल मारी। उसके बाद कुछ याद नहीं। जब आंख खुली तो मेरी चोटी कटी हुई थी। इस बयान ने मामले को और रहस्यमयी बना दिया है।

### परिजनों का गुस्सा और आरोप

छात्रा के पिता ने स्कूल प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाया और कहा कि अगर समय रहते जांच की जाती, तो शायद यह घटना टल सकती थी। उन्होंने आरोपी को सख्त सजा देने की मांग की है।

### स्कूल प्रशासन की सफाई

स्कूल के प्रभारी प्राचार्य ने कहा कि छुट्टी के बाद पूरे परिसर की जांच कर ताला लगाया गया था। घटना कैसे हुई, यह जांच का विषय है। पुलिस को सूचना दे दी गई है और CCTV फुटेज खंगाली जा रही है।

### CCTV में दिखी संदिग्ध छाया, दो हिरासत में

गुरुवार तक पुलिस को CCTV फुटेज प्राप्त हो गई है, जिसमें एक संदिग्ध छाया नजर आ रही है। पुलिस ने दो संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है।

### शिक्षा विभाग सतर्क

घटना के बाद शिक्षा विभाग ने सभी स्कूलों में अनिवार्य रूप से CCTV कैमरे लगाने के निर्देश दोहराए हैं। स्थानीय प्रशासन ने भी स्कूलों की सुरक्षा व्यवस्था कड़ी करने और पूरे मामले की गहन जांच के आदेश दिए हैं।

### चोटी कटवा अफवाह की आशंका

इस घटना ने एक बार फिर से पुराने 'चोटी कटवा' जैसी रहस्यमयी घटनाओं की याद दिला दी है। हालांकि इस बार सिर पर गंभीर चोट ने इसे सिर्फ अफवाह नहीं, बल्कि गंभीर अपराध की श्रेणी में खड़ा कर दिया है।

### इलाके में भय और असमंजस

घटना के बाद से क्षेत्र में दहशत का माहौल है, खासकर छात्राओं और उनके अभिभावकों में चिंता गहराती जा रही है। लोग अपने बच्चों को स्कूल भेजने से डर रहे हैं।

### जांच पूरी होने तक सवाल कायम

जब तक इस घटना की पूरी सच्चाई सामने नहीं आती, तब तक यह मामला समाज और प्रशासन दोनों के लिए चिंता का विषय बना रहेगा। पुलिस और शिक्षा विभाग की टीमें मामले की तह तक पहुंचने में जुटी हुई हैं।



## आदिम जाति सेवा सहकारी समिति में एक भी कर्मचारी पदस्थ नहीं

*** जाति विशेष का भ्रष्टाचारी वर्चस्व।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/नारायणगंज

नारायणगंज विकास खण्ड और तहसील क्षेत्र आदिम जाति बाहुल्य क्षेत्र है जहां पर 70-80 प्रतिशत आदिम जाति के यहां मूल निवासी हैं। आदिवासी बहुसंखयक क्षेत्र को दृष्टिगत ध्यान में रखते हुए 1960-70 के दशक में आदिम जाति सेवा सहकारी समिति नारायणगंज की स्थापना की गयी थी। जैसा कि आदिम जाति सेवा सहकारी समिति नाम के संबोधन से प्रतीत होता है कि यह समिति आदिम जातियों की सेवा के लिये बनायी गयी है।

क्या सचमुच में आदिम जाति सेवा सहकारी समिति नारायणगंज के माध्यम से इस क्षेत्र के आदिम जातियों की सेवा होती है? क्या सचमुच में समिति के माध्यम से आदिम जातिय किसानों को सरकार के किसान कल्याणकारी योजनाओ का लाभ पहुंचाया जाता है या आदिम जाति सेवा सहकारी समिति आदिम जातियों के लिये नाम का रह गया है और एक जाति विशेष का वर्चस्व लूट-खसोट और खाद-बीज ब्लैक मार्केटिंग का अड्डा बन गया है।

जहां पर एक भी आदिम जाति के कर्मचारी पदस्थ नहीं हैं और एक जाति विशेष के कर्मचारी ही समिति में पदस्थ हैं जिसका पूरे नारायणगंज क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है। समिति में एक जाति विशेष के कर्मचारी पदस्थ होने के कारण एक जाति विशेष के नाते-रिश्तेदारों का भ्रष्टाचारी वर्चस्व कायम है यहां तक कि कब खाद-बीज समिति आया और कब किसको बंट गया जरुरतमंद किसानों को पता ही नहीं लगता है।

वर्तमान में डीएपी यूरिया खाद के लिये किसान यहां वहां भटक रहे हैं। कुछ किसान जिनके नाते रिश्तेदार व स्वजातिय बन्धु-बाधव समिति में पदस्थ हैं उनको मिली भगत से खाद यूरिया डीएपी मिल ही जाता है बाकी आदिवासी किसान आदिम जाति सेवा सहकारी समिति नारायणगंज के चक्कर काटते भटकते रहते हैं।

अतः विकास खण्ड एवं तहसील क्षेत्र नारायणगंज के किसानों की मांग है कि समता समानता को दृष्टिगत रखते हुए और समिति ब्याप्त जातिवाद भाई-भतीजावाद के वर्चस्व को समाप्त कर क्षेत्र के सभी किसानों को डीएपी यूरिया खाद समय पर उपलब्ध कराया जाएऔर शासन की योजनाओं का लाभ सभी किसानों को मिलना चाहिए अन्यथा क्षेत्र के किसान मजबूर होकर किसान विरोधी अनीतियों के खिलाफ आंदोलन के लिये बाध्य होंगे।

### मद्य निषेध सप्ताह के सामापन कार्यक्रम में शामिल हुए म.प्र. जन अभियान परिषद् राज्य सलाहकार

**मण्डला।** ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति सिलगी में म.प्र. जन अभियान परिषद् के राज्य सलाहकार श्री शिवनारायण पटेल समीक्षा बैठक में शामिल हुए। उन्होंने आवश्यक सुझाव देते हुए कहा कि समिति का पंजीयन होना बहुत आवश्यक है। पंजीयन हो जाने से बहुत सारे रास्ते खुल जाते हैं। समिति के कार्यों का अवलोकन करते हुए महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिए। श्री पटेल ने वृक्षारोपण, नशामुक्ति, वैकल्पिक शिक्षा, जल संवर्धन व सरकार के द्वारा चलाई जाने वाली योजना के बारे में जानकारी दी। मद्य निषेध सप्ताह के समापन अवसर पर नशा मुक्ति की शपथ दिलाई।

### विधायक द्वारा दुर्गा व्यायाम शाला को एक लाख रुपए नगद दिऐ



**नारायणगंज।** जनपद पंचायत नारायणगंज में 7 अक्टूबर को विशाल इनामी दंगल का आयोजन किया गया था जिसमें कार्यक्रम में पहुंचे निवास विधानसभा के विधायक चैन सिंह बरकड़े जो की दुर्गा व्यायाम शाला नारायणगंज के सक्रिय सदस्य हैं विगत कई सालों से इस व्यायाम शाला में जुड़े हुए हैं उन्होंने व्यायाम शाला के पहलवानों को प्रोत्साहित कर दंगल में नगद एक लाख रुपए की राशि दी गई ताकि पहलवानों की जरूरत सामानों की व्यवस्था की जा सके विधायक द्वारा अपने उद्बोधन में कहा कि पहलवान को अपनी कला कौशल का प्रदर्शन इसी तरह लगन से मेहनत करके आगे बढ़ाना चाहिए अपने खलीफा एवं व्यायाम शाला का नाम अन्य जगह में जाकर रोशन हो सके।

## दो आरोपियों को चोरी के सामान के साथ किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला




थाना टिकरिया क्षेत्र अंतर्गत दिनांक 20.09.2025 को ग्राम चीरी में अज्ञात चोरों द्वारा सूने घर में चोरी किए जाने की रिपोर्ट पर थाना टिकरिया में अज्ञात चोरों के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा 331(3), 305(ए) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया था। विवेचना के दौरान एसडीओपी निवास के निर्देशन में थाना प्रभारी टिकरिया निरीक्षक गोपाल घासले द्वारा थाने स्तर पर टीम का गठन कर उक्त चोरी की वारदात में चोरी गए माल एवं अज्ञात चोरों की पतारसी हेतु लगाया गया। टीम द्वारा अलग अलग स्त्रोत से प्राप्त जानकारी व पुलिस के विश्वनीय सूत्रों से मिल रही जानकारियों के आधार पर संदेही अभय सिंगरौरे उर्फ साजन सिंगरौरे निवासी मैली से पूछताछ की गई। जिसने अपने साथी अंकित सिंगरौरे के साथ मिलकर उक्त चोरी की घटना स्वीकार करते हुए ताला तोडकर 2 जोड चांदी की पायल, 2 कट्टी मटर और एक मोबाईल फोन चोरी करना। आरोपी अभय सिंगरौरे उर्फ साजन सिंगौरोरे एवं आरोपी अंकित सिंगरौरे निवासी-मलारा से 2 जोडी चांदी की पायल एवं 2 कट्टी मटर जप्त किया जाकर आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। आरोपी अभय सिंगरौरे पिता दिनेश सिंगरौरे निवासी मैली के विरुद्ध पूर्व में भी चोरी के 07 मामले पंजीबद्ध हैं।

## राज्य स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता में आरुष और सारांश का चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



69 वीं राज्य स्तरीय शालेय अंडर -17 वर्ष बालक फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन 9 अक्टूबर से 13 अक्टूबर तक जिला खंडवा में आयोजित की जा रही है जिसमें मंडला जिले से माउंटफोर्ट स्कूल के छात्र आरुष सिंह एवं ब्रेनचाईल्ड स्कूल के छात्र सारांश मार्को का चयन राज्य स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता में किया गया। खिलाड़ियों को फुटबॉल प्रशिक्षक पंकज उसराठे के द्वारा प्रशिक्षण दिया जाता है एवं सभी खिलाड़ी अपने संभाग की टीम का प्रतिनिधित्व करेंगे एवं जिले का नाम रोशन करें। सभी खिलाड़ियों को अच्छे खेल खेलने के लिए जिला शिक्षा अधिकारी मुन्नी वरकडे, जिला खेल अधिकारी विकास खरड़कर, कन्ह़ैयालाल मरकाम, जिलाफुटबॉल संघ के अध्यक्ष डॉक्टर दिलीप शर्मा, अनिल सोनी, सत्य नारायण अग्रवाल, स्कूल के प्राचार्य माउंटफोर्ट स्कूल ब्रदर बिनु चेरियन, प्राचार्य ब्रेनचाईल्ड स्कूल निशांत शुक्ला, पिता- संदीप सिंह, अनिल मार्को, खेल प्रशिक्षक डॉ. आकाश खत्री, सोना दुबे, अरविंद पाटले, मतीन ख़ान, समीर बाजपेई, त्रिलोक डोगरे, करुणा मसकोले, शशांक मिश्रा, रामा परते, जसवंत, पी.टी.ई अभिषेक यादव, अभिषेक श्रीवास, कमलेश रजक, बलवंत सिंह राजपूत, सोनम कछवाहा, ब्रजमी बैरागी, देवेंद्र सरोते, शुभम सीधिया एवं नर्मदा स्पोर्ट्स क्लब के समस्त सदस्य व सभी खेल प्रेमियों ने मिलकर खिलाड़ियों को बधाइयां दी एवं उनके उज्वल भविष्य की कामना की।

**अनदेखी** | **निवास पुलिस की समझ में चोरी गुम और लापता के मायने एक ही हैं।**

# पुलिस को चोरी शब्द से आखिर परहेज क्यों?

*** अपने हिसाब से पुलिस लिखा रही शिकायत।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/निवास




**जिला व निवास पुलिस प्रशासन को एक इश्तहार प्रकाशित कर आमजन को यह सूचित करना चाहिये कि चोरी, गुम और लापता के मायने एक ही हैं अतः पीड़ित आमजन किसी भी चोरी की वारदात की रपट लिखवाने में चोरी शब्द से परहेज करें।**

निवास क्षेत्र में हर साल ठंड के मौसम में चोर सक्रिय हो जाते हैं जो मनमाफिक किसी के घर या अन्य संपत्ति पर नजर गड़ाये रहते हैं और मौका मिलते ही सेंधमारी कर चोरी की घटना को अंजाम देकर फुर्र हो जाते हैं, वहीं ऐसी घटनाओं की रोकथाम में नाकाम निवास पुलिस अब तक हुई दर्जनों चोरियों में लिप्त चोरों का सुराग लगाने में असफल है और अब तो निवास पुलिस चोरी की वारदात में पीड़ित की लिखित शिकायत में (चोरी) शब्द से भी परहेज करने लगी है, जो पीड़ित व आमजन की समझ से परे है।

निवास के नजदीकी ग्राम भीखमपुर निवासी ज्ञानचंद्र मिश्रा 15/09/2025 को लिखित रिपोर्ट लेकर निवास थाना पहुँचे जिसमें रात्रि में खेत में बने घर से सात नग भैंस चोरी हो जाने का स्पष्ट उल्लेख किया था, लेकिन निवास थाना के जिम्मेदारों को आवेदन के ब्यौरे में चोरी शब्द से बड़ी तकलीफ हुई और इन्होंने चोरी की जगह में (आज सुबह से लापता हो गईं) लिखकर अपने कर्तव्यों की इतिश्री कर ली।

इसी तरह 08/10/2025 की दरमियानी रात्रि में निवास के पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष व वर्तमान के जिला महामंत्री एडवोकेट संतोष रजक के खेत में बने पंप हॉउस की छत में लगे टीनशेड उखाड़कर घुसे चोर विद्युत मोटर ले उड़े, जानकारी होने पर पीड़ति फरियादी चोरी की घटना की लिखित शिकायत लेकर निवास थाना पहुँचे तब आवेदन में (चोरी) शब्द पढ़कर पुलिस को बड़ी तकलीफ हो गई इसलिये प्रार्थी के आवेदन में मनमाफिक संसोधन करते हुये चोरी की जगह में अज्ञात लोगों के द्वारा ले जाने का संबंध जोड़कर आवेदन लिया गया। ऐसे में बड़ा सवाल यह कि जब निवास पुलिस प्रशासन सत्ताधारी नेताओं के साथ ऐसा बर्ताव करने से नहीं चूक रही, तब नासमझ पीड़ित जनता से इनका रवैया क्या होता होगा इस पर क्या ही कहना।

### पोस्टमार्टम करवाने में भी खानापूर्ति

इसी तरह एक घटना जिसमें प्रार्थी पनसारी लाल पन्द्राम पिता लाल सिंह पन्द्राम जाति गोड़ उम्र 43 वर्ष सा० कापा थाना व तह० निवास जिला मण्डला ने निवास पुलिस की कार्यशैली से आहत निवास पुलिस को लिखित शिकायत की थी कि इनके एकलौते बेटे पुष्पेंद्र पन्द्राम उम्र 19 वर्ष की गाँव के ही चार दोस्तों ने पुरानी रंजिश भुनाने हत्या की घटना को अंजाम दिया है और फिर अपराध छुपाने फाँसी के फंदे में लटका दिया गया है, वहीं न्याय की मांग के आवेदन में नामजद कथित आरोपियों का भी उल्लेख किया गया था, लेकिन कार्रवाई में लीपापोती की गई। वहीं शव का पोस्टमार्टम करने निवास मरचुरी लाया गया लेकिन यहाँ भी लापरवाही की हद पार करते हुये बिना चीरफाड़ व परीक्षण के शव को परिजनों को दे दिया गया था।

पुलिस की इस घोर लापरवाही से नाराज गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के नेता भी निवास थाना पहुँचकर पुलिस से शव निकाल कर पुनः पोस्टमार्टम करवाने की मांग की लेकिन एकलौते पुत्र के एक पिता की यह इच्छा अभी तक अधूरी है।

### इनका कहना है :-

*मेरे द्वारा चोरी की घटना का लिखित आवेदन दिया गया लेकिन पुलिस इसमें सुधार करते हुये चोरी शब्द हटाकर- (अज्ञात लोगों के द्वारा ले जाने) जैसे शब्दों को सम्मिट कर आवेदन लिया है जो समझ से परे है।*

***-संतोष रजक जिला महामंत्री, भाजपा निवास मंडला***

## निर्माण कार्य स्वीकृत, परंतु पंचायत उदासीन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/नारायणगंज



मंडला जिले की नारायणगंज जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत पंडरिया में आए दिनों बहुत से निर्माण कार्य स्वीकृत होते हैं जिसमें कुछ राजनीतिक दबाव के चलते जल्द पूर्ण हो जाते हैं एवं कुछ लटकें रह जाते हैं हम बात कर रहे हैं वार्ड क्रमांक 16 के समाने वाले नाले की,जो कि सीएम हेल्पलाइन की शिकायत के चलते स्वीकृत हुआ परन्तु 1 महीने से अधिक समय बीत जाने के बाद भी अभी तक निमार्ण कार्य प्रारंभ नहीं किया जा सका जिसके चलते पूरे वार्ड के रहवासियों में रोष का माहौल व्याप्त है।

### शिकायतकर्ता को दी जा रही सिर्फ तारीख पर तारीख

सीएम हेल्पलाइन पर शिकायत करने वाले व्यक्ति को पंचायत के कर्मचारियों द्वारा एक महीने से सिर्फ तारीख पर तारीख दी जा रही है दबाव बना कर शिकायत कर्ता की शिकायत बंद करा कर पंचायत कर्मचारियों द्वारा निर्माण कार्य को टाला जा रहा है।

### खुले नाले के कारण मच रही गंदगी, सूअरों का बना डेरा

सड़क किनारे बना खुला नाला गंदगी फैला रहा है सड़क से रोजाना बस छोटे वाहन एवं स्कूली बच्चों का आना जाना बना रहता है नाला खुला होने के कारण यहां सूअरों का डेरा बन गया है जो की नाले की गंदगी को सड़क पर फैला देते हैं जिसके कारण राहगीरों का सड़क से निकलना मुश्किल हो जाता है परंतु प्रशासन अभी भी गहरी नींद में सो रहा है।

**कार्यालय समन्वयक प्राचार्य, शासकीय उच्च माध्य. विद्यालय क्रमांक 02 मण्डला**

**-निविदा सूचना-**

| स.क्र. | निविदा क्रमांक | कार्य का नाम |
|---|---|---|
| 01 | 01 | वर्ष 2024-2025 की मूल्यांकित उत्तरपुस्तिकाओं की रद्दी |

(1) कोरे निविदा आवेदन पत्र रूपये 500/- (रूपये पाँच सौ मात्र) मात्र नगद जमा कर निविदा प्रकाशन दिनॉक से 07 (सात) दिवस तक विद्यालय के समन्वयक कक्ष से दोपहर 12:00 बजे से अपरान्ह 03:00 बजे तक कार्य-दिवसो में प्राप्त कर जमा किये जा सकते हैं। अंतिम दिवस / समय के पश्चात कोई निविदा आवेदन फार्म जमा नहीं किये जावेंगे।

(2) रद्दी विकय की शर्ते निविदा फार्म के साथ उल्लेखित हैं ।

प्राचार्य/समन्वयक

शास. उच्च माध्य. विद्यालय क.02 जिला मण्डला

सजना के लिए सजकर चांद का करेगी दीदार, देर शाम छतों से लेकर आंगनों में दिखाई देगे सुहाग के जलते हुये

# अपने पति की सुख समृद्वि व लम्बी उम्र के लिए महिलाएं आज रखेगी निर्जला करवा चौथ का व्रत












**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।**

भारत की संस्कृति में जो त्यौहार महिलाओं के लिए खास महत्व के बताया जाते है, उसमें करवा चौथ भी शामिल है जिसमें सुहागिन और भावी पति सुयोग्य मिलने की आशाऍं सॅजोने वाली युवातियाँ श्रद्वाभाव से यह करबा चौथ का व्रत रख अपनी मनोकामनाओं की पूर्ति करती है और इसी के चलते आज शुक्रवार को करवा चौथ मनाने के लिए जहां सुहागिनी महिलाओं में हर्ष उल्लास का महौल देखने मिल रहा है। वही दूसरी ओर महिलाएं अपने पति की लम्बी उम्र तथा परिवार की खुशहाली के लिए करवा चौथ का व्रत बड़े ही हर्ष के साथ रखते हुए आज दिन भर निर्जला व्रत धारण करेगी। इस वर्ष करवा चौथ पर्व शुक्रवार को माँ संतोषी की पूजन के दिवस पड़ना बड़ा की सौभाग्य शाली बताया जात रहा है। उल्लेखनीय है कि कल गुरूवार को महिलाओं ने करवा चौथ की तैयारियों को लेकर जहां अपने घरों के ऑगनों को स्वच्छ करने के बाद महिलाओं ने बाजार से करवा चौथ की तैयारी में सुहाग सामग्री की जमकर खरीददारी की थी तथा चूड़ी की दुकानों पर कल दिन भर भीड भाड़ बनी रही। इसी प्रकार से सौन्दर्य प्रसाधन विक्रेताओं ने बताया कि रंग बिरंगी चूडियां, बिन्दी और सौभाग्य के प्रतीक सामान के साथ अधिकतर महिलाएँ लाख के चूड़ों की भी माँग कर रही थी। किन्तु विशेष तौर पर तैयार होने वाले लाख के चूड़े अब स्टाक करने के लिए बमुश्किल मिलतें है। लिहाजा बाजार में माँग के अनुरूप उनकी पूर्ति नही की जा सकी। वही बाजार में देखा गया कि करवा चौथ के लिए सजकर विकने आये करवो की जहां बाजार में अलग ही रौनक देखने मिल रही थी जिसके चलते नगर के चारो ओर करवा चौथ के करवे अपने धूम मचाते हुए देखे गये, इनता नही नही महिलाओं ने इन करबों को बड़े ही हर्ष के साथ खरीदा गया और आज शुक्रवार की रात को देखा जावेगा की महिलाएं निर्जला भूखी प्यासी रहते हुए अपनी पति की लम्बी उम्र के लिए भगवान से अपने पति की लम्बी उम्र की कामना करने वाली महिलाएं अनेक प्रकार के श्रृंगार करेगी। वही करबा चौथ के अवसर पर घरों में महिलाएँ अपने पति की दीर्घायु, सुख, सम्मान और सुहाग अशुण रखने के दौरान पारम्परिक पकवान सुरूचि पूर्वक, बनाकर गौरी, गणेश भगवान तथा माँ करवा चौथ का पूजन कर कथा का श्रवण करेगी। इस दौरान करवा चौथ के करवों का भी विधि विधान से पूजन करते हुए महिलाओं ने हलुआ, अठवाईयों का भोग लगाकर आसमान में निकले हुए चांद का दीदार करते हुए ईश्वर से प्रार्थना करेगी कि जीवन संगियों के जीवन को सुखमय बनाये तथा उनकी यह जोडी सदा ही अमर रहे। इस प्रकार से करवा चौथ की कथा को लेकर बताया जाता है कि एक साहूकार के सात बेटे व एक बेटी थी और करवा चौथ के दिन उनके घर में व्रत रखा गया तो रात्रि को जब सब भोजन करने लगे तो करवास के भाईयो ने उससे भी भोजन करने का आग्रह तो उसने यह कहकर मना कर दिया कि अभी चांद नही निकला है और वह चांद निकलने के बाद चंद्रमा को अर्ध्य देकर ही भोजन करेगी। इस प्रकार सुबह से भूखी प्यासी बहन की हालत भाईयो से देखी नही गई तो उससे छोटा भाई एक दीपक दूर एक पीपल के पेड में प्रज्जवलित कर आया और अपनी बहन से बोला व्रत तोड लो चांद निकल आया है मगर बहिन को भाई की चुतराई समझ में नही आये और उसने व्रत तोड लिया और खाने का एक निवाला खाते ही उसे अपनी पति की मृत्यु का समाचार मिला। इस प्रकार पति की मौत की खबर सुनकर वही व्याकुल हो गई तथा और वह अपनी पति के शव को एक वर्ष तक लेकर बैठी रही जब अगले वर्ष करवा चौथ आया तो उसने विधि विधान के साथ पूजन किया जिसके चलते उसका पति जीवित हो गया। इसी के चलते महिलाओं द्वारा हर वर्ष करवा चौथ का त्यौहार बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया जाता है। इस प्रकार से करवा चौथ का व्रत रखने वाली महिलाओं ने हरिभूमि से चर्चा करते हुए बताया कि यह त्यौहार अनूठा और सुखद फल देने वाला है। स्थानीय निवासी श्रीमति आरती पटैल के अनुसार किसी भी महिला के लिए पति ही उसका सर्वस्व होता है। सुख दुःख भरी जीवन यात्रा में पति का संरक्षण और सहयोग सुहागवती महिलाओं का अमूल्य धन है। इसलिए पति की दीर्घायु के लिए करवा चौथ पर निर्जला उपवास रखकर पति की दीर्घायु की कामना कर जो शास्त्रों में निर्देश है उसका किसी भी स्थिति में अवश्य पालन करना चाहिए। वही सांईखेड़ा निवासी श्रीमति रिंकी राजपूत का कहना है कि में अखंड रूप से करवा चौथ का व्रत करती हू और घर ऑगन में गौरी गणेश भगवान व माँ करवा की पूजा अर्चना कर पंडित से कथा सुनती हूँ। इस व्रत के रखने से प्रफुल्लता के साथ हृदय में नए विचारों का अहसास होता है। वही समीपस्थ ग्राम बारहाबड़ा निवासी श्रीमति प्रगति बोहरे के मुतबिक समाज में आधुनिकता की आँधी के बावजूद महिलाओं की धार्मिक आस्था में कोई अंतर नही आया। दीपावली के पहले करवा चौथ का हमें बेसब्री से इंतजार रहता है। मै तो करवा चौथ के व्रत में पानी तक ग्रहण नही करती और छलनी में से चंद्रमा का दर्शन कर पति के दीदार के बाद ही भोजन करती हूँ। इसी प्रकार से सालीचौका निवासी श्रीमति रोशनी लोधी का कहना है कि इस बात में हैरत नही होना चाहिए कि अंग्रेजी पढ़ी लिखी नव विवाहिताएँ भी करवा चौथ के व्रत के महत्व से अपरिचित नही है। मैने तो 2-3 दिन पहले ही से करवा चौथ की तैयारियाँ शुरू कर दी थी। मेरा मानना है कि सुहागवती स्त्रियों और वराकांक्षी युवतियों को अपने जीवन साथी के कुशल मंगल के लिए करवा चौथ का व्रत अनिवार्य तौर पर रखना चाहिए, यह व्रत मनोबल में वृद्धि कर अनंत सुख पहुँचता हैं।

## पल्स पोलियों अभियान को सफल बनाने के लिये तैयार हुई कार्य योजना





**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** पल्स पोलियो अभियान को सफल बनाने के लिए बीते हुये दिवस स्थानीय शासकीय चिकित्सालय के सभा कक्ष मे जिला कलेक्टर व जिला स्वास्थ्य एवं चिकित्सा अधिकारी के आदेशानुसार तथा अनुविभागीय अधिकारी कलावती ब्यारे के निर्देशन में तथा चिकित्सालय प्रभारी डॉ उपेंद्र वस्त्रकार के मार्गदर्शन में बैठक का आयोजन किया गया। बताया जाता है कि 12 अक्टूबर से 14 अक्टूबर तक आयोजित होने वाले पल्स पोलियो अभियान के तहत 0 से लेकर 5 वर्ष तक बच्चों को पोलियों रोधी दवा पिलाने की व्यापक तैयारियां की जा रही हैं। पल्स पोलियो की दो बूंद जिंदगी के लिए जरूरी है, इसी संकल्प के साथ स्वास्थ्य विभाग व नगर पालिका कर्मचारियों, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, सहायिकाओ आशा कार्यकर्ताओं, को जिम्मेदारी सौंपी गई है। बताया जाता है कि 0 से 5 साल तक के बच्चों को पल्स पोलियो की दवा पिलाई जाएगी। पल्स पोलियो अभियान के लिए डॉ अरुण दोहरे एवं शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र से डॉक्टर विजय ठगेले नोडल अधिकारी नियुक्त किए गए हैं। पल्स पोलिया अभियान में नगर में 12 अक्टूबर को दो मोबाइल के साथ 55 बूथ बनाए गए हैं, जिसमें रेलवे स्टेशन और बस स्टैंड पर 12 अक्टूबर से 14 अक्टूबर तक स्थाई बूथ होंगे। बताया जाता है कि सभी बूथो पर पल्स पोलियो की दवा पिलाई जाएगी। मोबाइल टीम के माध्यम से ईंट भट्टो, कारखानों, मजदुरी करने वाले क्षेत्रों में भ्रमण करते हुये बच्चों को पोलियों रोधी दवा पिलाई जावेगी। वही मोबाइल टीम भ्रमण करती हुई पल्स पोलियो अभियान में लगी रहेगी। इस अभियान की बैठक में सिविल अस्पताल प्रभारी डॉक्टर उपेंद्र वस्त्रकार, बीएमओ साईखेड़ा डॉ शिप्रा कौरव, डीपीएम नरेंद्र विश्वकर्मा, एमपीडब्लू प्रवीण पटेल, हेमंत राजपूत, नेत्र सहायक यू एस पटेल ने बैठक में उपस्थित आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं सहायिकाओं एवं नगर पालिका के कर्मचारी व स्वास्थ्य विभाग की टीम से पल्स पोलियो अभियान को सफल बनाने की अपेक्षा जताई गई है। वही आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सहायिका और आशा कार्यकर्ता स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी पल्स पोलियो अभियान का प्रचार प्रसार करते हुए लोगों को जागरूक करें जिससे कि हम इस अभियान को सफल बना सके। इस तरह 12 अक्टूबर को बूथों पर पल्स पोलियो की दवा पिलाई जाएगी तथा 13 एवं 14 अक्टूबर को आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सहायिकाए एवं स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी घर-घर जाकर बच्चों को पल्स पोलियो की दवा पिलाने का काम करेंगे।

## ग्राम उसराय में ग्रामवासियों द्वारा श्रमदान से किया शौचालय का निर्माण

**हरिभूमि न्यूज/सांईखेड़ा।** भले की शासन द्वारा स्वच्छता के नाम पर कुछ साल पहले सभी शिक्षण संस्थाओं में शौचालयों का निर्माण कराते हुये जिला को बाह्शौच मुक्त होने का खिताब दिलाने में कोई कसर नही छोड़ी गई थी। मगर इसके बाद भी जिस तरह क्षेत्र के अनेक स्कूलों में आज भी शौचालयों का आभाव देखने मिल रहा है। यह सच्चाई निश्चित तौर से सरकार के स्वच्छता सर्वेक्षण पर सबाल खड़े करने से नही चूक रही है। बताया जाता है कि विकास खंड साईंखेड़ा के जनशिक्षा केंद्र बम्होरी कला अंतर्गत ग्राम उसराय के शासकीय प्राथमिक शाला में पढ़ने वाले विद्यार्थी के लिये ग्रामवासियों द्वारा श्रमदान करते हुये शौचालय का निर्माण किया गया। इस शौचालय में स्वच्छता व्यवहार संदेशों के साथ ही हैंड वॉश यूनिट के पास हाथ धुलाई के विभिन्न चरण सचित्र प्रदर्शित किए गए हैं। प्रत्येक यूरेनल्स में फ्लैस यूनिट लगाई गई हैं। वही विद्यार्थियों की जरूरत को उच्च प्राथमिकता देते हुए शिक्षकों, अभिभावकों एवं जनप्रतिनिधियों ने मिलकर महज डेढ़ माह के अंदर एक ऐसे अनूठे शौचालय का निर्माण किया है जो शिक्षा जगत एवं स्वच्छ भारत मिशन के लिए मिशाल बन गया।




इसमें खास बात यह रही कि इसके निर्माण में ग्राम वासियों ने अपने ही गांव के बच्चों के लिए आर्थिक मदद प्रदान करने के साथ- साथ श्रमदान भी किया है। इस प्राथमिक शाला का पुराना शौचालय शत प्रतिशत क्षतिग्रस्त हो जाने के कारण यहां की शाला प्रबंधन समिति ने छात्रों हेतु समुदाय की भागीदारी से नए शौचालय निर्माण की रणनीति बनाई जो सफल रही। रणनीति को सफल बनाने में इस शाला में कार्यरत नवाचारी शिक्षक हल्के वीर पटेल




के अथक और सतत प्रयास रहे। शिक्षक हल्केवीर ने गांव के लोगों से मिलकर समुदाय की भागीदारी सुनिश्चित करते हुये इन्होंने अवकाश के दिनों में लोगों के घर - घर जाकर सहायता राशि एकत्रित करते हुये इस शौचालय का निर्माण किया गया है। वही ग्रामवासियों ने उत्साह पूर्वक अपना कर्तव्य समझकर सभी प्रकार से शौचालय निर्माण में योगदान दिया। वही जनपद सदस्य चंद्रपाल सिंह राजपूत ने उक्त कार्य हेतु अपनी ओर से पच्चीस हजार रुपए की राशि देते हुये सहयोग प्रदान किया गया है।

## राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ ने खुलरी के बाद सिहोरा में भी किया विजयादशमी मनाते हुये पथ संचालन

**हरिभूमि न्यूज/सिहोरा/बोहानी।**

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा अपनी स्थापना के 100 वर्ष पूर्ण होने के चलते शहरों के साथ साथ ग्रामीण क्षेत्रों में भी संघ की सच्चाई से अवगत कराते हुये लोगों में हिन्दू संस्कृति जागृत करते हुये लगातार आयोजन किये जा रहे है। इसी क्रम में बीते हुये दिवस समीपस्थ ग्राम खुलरी में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वासरा पथ संचालन का आयोजन किया गया था इसके बाद अब सिहोरा में विजयादशमी मनाते हुये संघ के कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बताया जाता है कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने ग्राम सिहोरा में संघ की स्थापना के 100 साल पूरे होने पर बड़े धूमधाम के साथ विजयादशमी उत्सव मनाया एवं आसपास की ग्राममों से आये हुये स्वयं सेवकों द्वारा ग्राम के मुख्य मार्गो



पर पथ संचलन किया। कार्यक्रम की शुरुआत भारत माता की पूजन के साथ हुई। इस मौके पर मौजूद वक्ताओं ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना सन् 1925 से लेकर 2025 तक के अपने 100 सालों की संपूर्ण सफर पर विस्तार पूर्वक जानकारी सांझा की गई। वही दूसरी ओर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पंच संकल्प एवं देश हित में किए जा रहे कामों से सभी को अवगत कराया। इन 100 सालों में संघ के मार्ग में आईं बाधाओं एवं इसके विस्तार पर भी उपस्थित वक्ताओं ने विस्तार से प्रकाश डाला। इस अवसर पर सैंकड़ों की संख्या में



उपस्थित स्वयंसेवकों ने अनुशासित ढंग से पथ संचलन में भाग लिया। पथ संचलन ग्राम के प्रमुख मार्गो से होते हुए कार्यक्रम स्थल पहुंचा जहां पर प्रार्थना के बाद कार्यक्रम का समापन हुआ। इस अवसर पर बड़ी संख्या में स्वयंसेवक गणमान्य जन उपस्थित रहे।

**न्यायालय श्रीमान प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खंड गाडरवारा**
(श्रीमान अजय सिंह यादव)

श्रीमती सीमा कोचर ........... आवेदकगण
बनाम
अंजली कोचर बगैरह ............. आवेदकगण
प्रे. स. न. 299/2025 आदेश दिनांक - 19/09/2025
MJC/SUC/09/2025 पेशी दिनांक - 29/10/2025

**आम जनता को सूचना बावत्**

इस न्यायालय में आवेदक श्रीमती सीमा कोचर आयु 53 वर्ष पत्नी स्व. कमल कोचर, निवासी राधा बल्लभ वार्ड गाडरवारा, तहसील गाडरवारा, जिला नरसिंहपुर (म.प्र.) ने अनावेदकगण (1) अंजली कोचर आयु 27 वर्ष पुत्री स्व. श्री कमल कोचर पत्नी श्री मयंक निवासी जवाहर वार्ड गाडरवारा, तह. गाडरवारा, जिला नरसिंहपुर (म. प्र.) (2) ईशान कोचर आयु वर्ष आत्मज स्व. श्री कमल कोचर, निवासी राधा बल्लभ वार्ड गाडरवारा, तहसील गाडरवारा, जिला नरसिंहपुर (म.प्र.) (3) जिला वन मंडल अधिकारी महोदय वन मंडल कार्यालय नरसिंहपुर जिला नरसिंहपुर (म.प्र.) (4) सर्वसाधारण (आमजनता) के विरूद्व स्व. श्री कमल कोचर का विधिक उत्तराधिकारी होने बावत् उत्तराधिकार प्रमाणपत्र प्राप्त करने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है, जिसका सक्सेसन वाद, क्रमांक 09/2025 है उक्त वाद की सुनवाई दिनांक 29/10/2025 को रखी गई है जिसमें अनावेदकगण / सर्वसाधारण को इस इश्तहार प्रकाशन के माध्यम से सूचित किया जाता है कि आप पेशी दिनांक 29/10/2025 को समय 11:00 बजे इस न्यायालय में स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से जिसको समस्त तथ्यों की जानकारी हो उपस्थित रहे। आपके अनुपस्थित रहने पर आपके विरूद्व एक पक्षीय कार्यवाही कर प्रकरण का निराकरण कर दिया जावेगा।
यदि पेशी दिनांक 29/10/2025 को पीठासीन अधिकारी अवकाश पर रहते है अथवा शासकीय अवकाश घोषित होता है तो उक्त प्रकरण की कार्यवाही आगामी कार्य दिवस पर होगी।
आज दिनांक को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा के अधीन जारी किया गया।
गाडरवारा दिनांक- 29/09/2025

शील (अजय सिंह यादव)
प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खंड गाडरवारा जिला नरसिंहपुर (म. प्र.)

**न्यायालय नायब तहसीलदार वृत बोहानी तहसील गाडरवारा जिला नरसिंहपुर**
रा. मा.क्र. / ... वर्ष 2025-26 मौजा चिरचिरा प.ह.नं.....
**इश्तहार**

एतद् द्वारा आम जनता एवं सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्रीमती पुष्पा बाई लोधी पति श्री भावसिंह लोधी निवासी चिरचिरा रा.नि.मं बोहानी तहसील गाडरवारा जिला नरसिंहपुर (म.प्र.) के द्वारा इस आशय का आवेदन पत्र पेश किया है कि मौजा चिरचिरा प.ह.नं.130/66 रा.नि.मं. बोहानी स्थित भूमि ख.नं. 231/4 रकबा 0.081 हे. भूमि राजस्व अभिलेखों में नेतराम पिता बैनीप्रसाद लोधी निवासी चिरचिरा तह. गाडरवारा जिला नरसिंहपुर के नाम से दर्ज है। यह कि खातेदार नेतराम पिता बैनीप्रसाद की फौत 20.07.2018 को हो गई है। आवेदिका द्वारा वसीतयनामा के आधार पर रिकार्ड दुरूस्ती का अनुरोध किया है।
इस संबंध में इस न्यायालय में कार्यवाही की जा रही है। जिस किसी व्यक्ति को आपति हो तो वह पेशी दिनांक 27/10/2025 को न्यायालय में उपस्थित होकर स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से आपत्ति पेश कर सकता है। नियत दिनांक के बाद आपत्ति प्राप्त होने पर विचार नहीं किया जावेगा।
आज दिनांक 08/10/2025 को मेरी पद मुद्रा व सील हस्ताक्षर से जारी किया गया।

पेशी दिनांक- 27/10/2025
जारी दिनांक- 08/10/2025
शील नायब तहसीलदार
वृत बोहानी, तहसील गाडरवारा

**जमीन के दस्तावेज गुम होने की सूचना**

गोविंद सिंह पिता श्री कुंजीलाल राजपूत आयु 60 वर्ष निवासी त्रिवेणी कालोनी महाराणा प्रताप वार्ड गाडरवारा, तहसील गाडरवारा, जिला नरसिंहपुर म. प्र. द्वारा शपथ पत्र प्रस्तुत करते हुये बताया है कि मैं उपरोक्त पते का स्थाई निवासी हैं। यह है कि मुझ शपथकर्ता के स्वामित्व का मौजा कान्हरगांव प.ह.नं.रा.नि.मं. चीचली तह. गाडरवारा जिला नरसिंहपुर स्थित ख.नं. 1/64 रकवा 25X50 = 1250 वर्गफुट राजस्व रिकार्ड में दर्ज है, उक्त भूमि मेरे द्वारा ई-स्टाम्प पंजीकरण संख्या MP 268142015A1235504 दिनांक 31/12/2015 के माध्यम से क्रय की गई थी। शपथकर्ता के उक्त भूमि का ई-स्टाम्प पंजीकरण संख्या MP268142015A1235504 का बैनामा व सलग्न दस्तावेज कही गुम हो गये है जिसको काफी ढूढने के बाद भी नही मिल रहे है। शपथकर्ता द्वारा इस संबंध में रजिस्ट्रार कार्यालय में आवश्यक कार्यवाही व प्रमाणित स्वामित्व विलेख प्राप्त करने हेतु उक्त बैनामा व दरस्तावेज के लिये मांग करते हुये सूचना दी गई है।
शपथ कर्ता
गोविंद सिंह पिता श्री कुंजीलाल राजपूत
निवासी त्रिवेणी कालोनी महाराणा प्रताप वार्ड

## नगर के बीटीआई स्कूल में बाल कैबिनेट का किया गठन



**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** स्थानीय पीएम श्री शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बी टी आई में विद्यालय के विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास एवं नेतृत्व क्षमता तथा विद्यालय गतिविधियां के संचालन में सहभागिता निश्चित करने के उद्देश्य से बाल कैबिनेट का गठन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के सभी विद्यार्थियों की उपस्थिति में चयन प्रक्रिया संपन्न कराई गई। बताया जाता है कि इस दौरान विद्यार्थियों में गहरी उत्सुकता एवं उल्लास का वातावरण रहा। बाल कैबिनेट गठन संपूर्ण प्रक्रिया प्राचार्य श्रीमती सुनीता पटेल की अध्यक्षता में संपन्न कराई गई। वही सभी की सहमति के आधार पर शाला नायक यासिर हुसैन, उप शाला नायक अजय पटेल,सचिव राज मेहरा, उप सचिव ऋषिकेश सेन अनुशासन सचिव सोहेल खान,अनुशासन उप सचिव अजय गुर्जर को बनाया गया। इसके अलावा सांस्कृतिक सचिव, उपसचिव, खेल सचिव, उपसचिव, स्वच्छता सचिव, उप सचिव सहित शाला प्रबंधन समिति कक्षा छठवीं से लेकर कक्षा बारहवीं तक कक्षा नायक एवं कक्षा उप नायक का गठन किया गया। गठन उपरांत उन्हें शपथ दिलाई गई इसमें सभी शिक्षक तथा शिक्षिकाएं मौजूद रहे।

## पीतल नगरी में विकासखंड प्रोजेक्ट मैनेजमेंट यूनिट की बैठक संपन्न



**हरिभूमि न्यूज/चीचली।** विकासखंड के जनपद शिक्षा केंद्र चीचली में बीते हुये दिवस विकास खंड प्रोजेक्ट मैनेजमेंट यूनिट की बैठक आयोजित की गई। उक्त बैठक में बीआरसी चीचली डी के पटेल ने आगामी 12 अक्टूबर को चिन्हित परीक्षा केंद्रों पर आयोजित होने वाली राष्ट्रीय मींस कम मेरिट स्कॉलरशिप चयन परीक्षा में विद्यार्थियों की शत प्रतिशत उपस्थिति, माध्यमिक विद्यालयों हेतु विकसित भारत बिल्डाथान रजिस्ट्रेशन, ग्राम/बसाहट में चाईल्ड ट्रैकिंग ऐप के माध्यम से शाला में नामांकित एवं शाला से बाहर के 6 से 18 आयु वर्ग के छात्रों के सर्वे संबंधित पार्ट बी फीड करने, एफएलएन मेले का आयोजन, मेंटरिंग, बैगलेस डे की गतिविधि आयोजित करना तथा एफएलएन अभ्यास पुस्तिका पर कार्य व पुस्तक रिसीविंग, खाद्यान्न उठाव, ड्रॉप बॉक्स, पीएम पोषण आहार मॉनिटरिंग, जिज्ञासु किट उपयोगिता सहित अन्य बिंदुओं पर विस्तृत निर्देश दिए। बैठक में उपस्थित बीएसी अरुण दुबे एवं एमआईएस कोऑर्डिनेटर दीपक श्रीवास्तव ने विद्यालयों में छात्रों की उपस्थिति बढ़ाने तथा मध्य प्रदेश स्थापना दिवस, वीरगाथा प्रोजेक्ट 5.0, ऊर्जा संरक्षण संबंधित चित्रकला प्रतियोगिता, शाला संचालन में नियमितता, ड्रॉप बॉक्स, स्वच्छ एवं हरित विद्यालय, मैपिंग प्रोफाइल अपडेशन तथा यू डाइस पोर्टल कार्य संबंधी चर्चा की गई। वही उल्लास नवभारत साक्षरता के समन्वयक लेखराम गौतम तथा सत्यम ताम्रकार द्वारा ने आगामी 15 अक्टूबर तक ग्राम, वार्ड, बसाहटों के असाक्षरों के शत प्रतिशत सर्वे, सामाजिक चेतना के संचालन, मॉनिटरिंग तथा सामाजिक चेतना पंजी के सतत अद्यतन की बात की। इस बैठक मे अरुण दुबे, दीपक श्रीवास्तव, खुशबू बिजपुरिया, अनूप पालीवाल, प्रमोद साहू, सत्यम ताम्रकार, अजय नामदेव, संजय सोनी, हरिओम स्थापक, ललित पाराशर, हेमंत पटैल, हरीश गुप्ता, नरेश मेहरा, देवकरण रजक, वीरेंद्र रघुवंशी, संजय सिंह राजपूत, अजेश कुमरे, कैलाश कहार इत्यादि की उपस्थिति रही।

## विश्व दृष्टि दिवस पर शासकीय चिकित्सालय में नेत्र रोगियों के लिये लगाया शिविर

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** विश्व दृष्टि दिवस के अवसर पर स्थानीय शासकीय चिकित्सालय में नेत्र रोगियों की जांच परीक्षण का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम में चिकित्सालय प्रभारी डॉ. उपेंद्र वस्त्रकार के मार्गदर्शन में नेत्र सहायक यू एस पटेल द्वारा नेत्र रोगियों का परीक्षण किया गया और उन्हें निःशुल्क चश्मा एवं दवाई प्रदान की गई। इस तरह के आयोजन नेत्र रोगियो की



आंखों की जांच कराने और नेत्र संबंधी समस्याओं के बारे में जागरूक करने के लिए महत्वपूर्ण हैं। नेत्र सहायक यू एस पटेल ने कहा कि आंखों की जांच नियमित रूप से कराना और सही समय पर उपचार प्राप्त करना आंखों की सेहत को बनाए रखने के लिए आवश्यक है। विश्व दृष्टि दिवस जैसे आयोजनों के माध्यम से, स्वास्थ्य विभाग और चिकित्सालय लोगों को आंखों की देखभाल और सुरक्षा के प्रति जागरूक करने का प्रयास करते हैं। यह पहल न केवल नेत्र रोगियों के लिए मददगार है, बल्कि समाज में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

## बहुरूपिया परंपरा को जीवित रखे हैं संजय मस्ताना

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** वर्षो पहले देखा जाता था कि जब शहर से लेकर गांव गांव पहुरूपियों द्वारा अलग अलग रूप धारण करते हुये लोगों को अनेक प्रकार के प्रदर्शनों से अवगत कराते थें। मगर अब जहां यह लोग बिलुप्त होने के चलते युवा पीढ़ी शायद ही इनके द्वारा किये जाने वाले प्रदर्शन से अवगत नही होगी। सिर्फ बहुरूपियाँ नाम अब कहावतों में ही सुनने मिलते हुये देखा जाने लगा है। मगर इस दिनों नगर में बहुरूपिया संजय मस्ताना अपनी कला और मनोरंजन से लोगों को खूब हंसा रहे हैं। फिल्म मेरा नाम जोकर की वेशभूषा धारण कर, जीना यहाँ, मरना यहाँ, इसके सिवा जाना कहाँ ,जैसे गाने गाते हुए वे पूरे नगर में घूमते हैं और अपने अभिनय से लोगों को आकर्षित करते हुये देखे जा रहे है। संजय मस्ताना अपनी कला के माध्यम से न केवल मनोरंजन कर रहे हैं बल्कि बहुरूपिया परंपरा को जीवित भी रखे हुए हैं। वे रोजाना अलग-अलग किरदार निभाकर लोगों का दिल जीतते हैं। उनका कहना है कि गाडरवारा नगर और यहाँ के लोग उनके परिवार के बेहद करीब हैं , और यहाँ के लोगों से उन्हें अपार स्नेह और प्रेम मिलता है।उनकी यह कला न केवल लोगों को हंसाने का काम करते हुये अपनी परम्परा को कायम रखे हुये है। क्योंकि पुरानी बहुरूपिया परंपरा की झलक भी दिखा रहे है, जो आज के दौर में दुर्लभ होती जा रही है। संजय मस्ताना जैसे कलाकार इस परंपरा को जीवित रखते हुए इसे नई पहचान दे रहे हैं। उनका यह प्रयास गाडरवारा नगर में चर्चा का विषय बना हुआ है और लोगों के चेहरों पर मुस्कान लाने का काम कर रहा है। संजय मस्ताना जैसे ही नगर में निकलते है बच्चों की भीड़ उनके पीछे लग जाती है।















**खबर संक्षेप**

## वृद्धजनों के लिए आयोजित परीक्षण शिविरों में हुआ सहायक उपकरणों का वितरण



**डिंडौरी।** सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग भोपाल के निर्देशन में तथा कलेक्टर डिंडोरी के मार्गदर्शन में जिले में वृद्धजनों को सुगमता की दृष्टि से भारत सरकार की वयोश्री योजना अंतर्गत चार दिवसीय परीक्षण शिविर आयोजित किए गए। इन शिविरों में कान की मशीन, छड़ी, चश्मा, व्हीलचेयर, वॉकर, वाकिंग स्टिक आदि सहायक उपकरण प्रदान किए जाने हेतु चिन्हांकन एवं पंजीयन की कार्यवाही की गई। जनपद पंचायत शाहपुरा में आयोजित शिविर में शाहपुरा विधायक ओमप्रकाश धुर्वे ने विशेष रुचि लेते हुए ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों के वृद्धजनों को शिविर में भाग लेने हेतु प्रेरित किया और उनका पंजीयन करवाया, ताकि उन्हें आवश्यकता अनुसार सहायक उपकरणों का लाभ प्राप्त हो सके। वही नगरी क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों द्वारा भी अपने-अपने वाहनों के माध्यम से वृद्धजनों को शिविर स्थल तक पहुँचाने की व्यवस्था की गई। इसी प्रकार जनपद पंचायत मेंहदवानी में भी वाहनों के माध्यम से वृद्धजनों को शिविर स्थल पर पहुँचाया गया, जहाँ एलिम्को टीम द्वारा पात्र हितग्राहियों का चिन्हांकन एवं ऑनलाइन पंजीयन किया गया। शिविर में उपस्थित सभी वृद्धजनों को स्वल्पाहार की व्यवस्था भी की गई। इस अवसर पर विधायक श्री ओमप्रकाश धुर्वे, अन्य जनप्रतिनिधि, सुश्री रुचि विनोदिया, सरमन ठाकुर (जिला दिव्यांग पुनर्वास केंद्र), राजेश बैगा (सामाजिक सुरक्षा अधिकारी), अल्पना यादव (सहायक ग्रेड-2), राजकुमार मरावी (जनपद पंचायत शाहपुरा) सहित सामाजिक न्याय विभाग एवं जनपद पंचायत के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

## कांशीराम साहेब की 19वीं महापरिनिर्वाण दिवस पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित



**डिंडोरी।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की जिला इकाई द्वारा 9 अक्टूबर 2025 को बसपा के राष्ट्रीय संस्थापक मान्यवर कांशीराम साहेब की 19वीं महापरिनिर्वाण दिवस पर एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम स्थानीय दरबार हॉल में आयोजित हुआ, जिसमें मुख्य अतिथि शिवकुमार वर्मा जी की गरिमामयी उपस्थिति रही।कार्यक्रम की शुरुआत बहुजन समाज के महापुरुषों के चित्रों पर माल्यार्पण व पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। इसके पश्चात जिला अध्यक्ष मोहम्मद असगर सिद्दीकी ने मान्यवर कांशीराम जी के जीवन व संघर्षों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि कांशीराम साहेब का जन्म ब्रिटिश भारत के पंजाब प्रांत के पृथ्वीपुर गांव में हुआ था। उन्होंने 15 अप्रैल 1984 को दिल्ली में बहुजन समाज पार्टी की स्थापना की और समाज को जागरूक करने के लिए गाँव-गाँव, द्वार-द्वार भ्रमण कर संगठन को मजबूत किया।जिला अध्यक्ष ने यह भी बताया कि कांशीराम साहेब ने बहुजन समाज को संगठित कर उत्तर प्रदेश में बसपा की सरकार बनाई और बहन कुमारी मायावती जी को पहली बार मुख्यमंत्री पद की शपथ दिलवाई। बहन मायावती जी ने उत्तर प्रदेश में चार बार मुख्यमंत्री के रूप में कार्य कर गरीब, दलित, पिछड़े व आदिवासी वर्ग के लिए उल्लेखनीय कार्य किए। मुख्य अतिथि शिवकुमार वर्मा जी ने कांशीराम साहेब को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके द्वारा दिए गए प्रसिद्ध नारों को याद दिलाया, जैसे जो जमीन सरकारी है, वो जमीन हमारी है।उन्होंने कहा कि बहुजन समाज पार्टी आज देश की तीसरी सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी है, और यह कांशीराम साहेब की दूरदर्शिता व संघर्षों का परिणाम है। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से कांशीराम साहेब के सिद्धांतों पर चलने का आह्वान किया।कार्यक्रम के अंत में जिला अध्यक्ष मोहम्मद असगर सिद्दीकी ने सभी कार्यकर्ताओं व अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए सभा का समापन किया।

# नशे में स्कूल पहुंचने वाले शिक्षक जनूराम धुर्वे पर गिरी गाज

शहपुरा

**शिक्षा जैसे पवित्र क्षेत्र को कलंकित करने वाला मामला डिंडौरी जिले के मेंहदवानी विकासखंड के ग्राम सरसी मॉल से सामने आया है। यहां पदस्थ प्राथमिक शिक्षक जनूराम धुर्वे का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ, जिसमें वे स्कूल समय में शराब के नशे में धुत होकर क्लास में हंगामा करते नजर आए।**



बच्चों और स्टाफ के बीच हुए इस उत्पात ने पूरे क्षेत्र में हड़कंप मचा दिया।सूचना मिलते ही ग्रामीण स्कूल पहुंचे और शिक्षक की हरकतों को अपने मोबाइल में रिकॉर्ड कर लिया। वीडियो के वायरल होते ही यह मामला विकासखंड शिक्षा अधिकारी (BEO) मेंहदवानी और जनजातीय कार्य विभाग तक पहुंचा। जांच में पाया गया कि संबंधित शिक्षक की यह पहली गलती नहीं थी। वे अक्सर शराब के नशे में विद्यालय पहुंचते थे और कई बार संकुल प्राचार्य द्वारा समझाइश देने के बाद भी उनमें कोई सुधार नहीं हुआ।

इस मामले में सहायक आयुक्त, जनजातीय कार्य विभाग, डिंडोरी कार्यालय द्वारा दिनांक 09 अक्टूबर 2025 को आदेश क्रमांक 1624 जारी करते हुए शिक्षक जनूराम धुर्वे को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है।

आदेश में स्पष्ट उल्लेख है कि शिक्षक का शराब के नशे में विद्यालय आना, पदीय दायित्वों के निर्वहन में लापरवाही बरतना एवं अनुशासनहीनता करना, मध्यप्रदेश सिविल सेवा (आचरण) नियम 1965 के नियम 3 का उल्लंघन है। यह शिक्षक की गरिमा और सरकारी कर्मचारी के नैतिक आचरण के खिलाफ है।आदेश के अनुसार, निलंबन अवधि के दौरान जनूराम धुर्वे का मुख्यालय कार्यालय विकासखंड शिक्षा अधिकारी, मेंहदवानी निर्धारित किया गया है। उन्हें इस अवधि में जीवन निर्वाह भत्ता (Subsistence Allowance) प्रदान किया जाएगा

सहायक आयुक्त राजेन्द्र कुमार जाटव द्वारा जारी आदेश में बीईओ मेंहदवानी को निर्देश दिए गए हैं कि वे इस मामले में विभागीय कार्यवाही हेतु आरोपपत्र तैयार कर एक सप्ताह के भीतर जनजातीय कार्य कार्यालय डिंडौरी को प्रस्तुत करें।साथ ही इस आदेश की प्रति आयुक्त, जनजातीय कार्य भोपाल, कलेक्टर डिंडौरी, और कोषालय अधिकारी को भी प्रेषित की गई है।

गांव सरसी मॉल के ग्रामीणों ने इस कार्रवाई पर राहत जताई है। ग्रामीणों का कहना है कि जब शिक्षक ही शराब के नशे में स्कूल आने लगें, तो बच्चों के भविष्य पर गहरा असर पड़ता है।स्थानीय निवासी रमेश मरकाम ने कहा, "बच्चे ऐसे शिक्षकों से डरने लगे थे। अब विभाग ने सही कदम उठाया है।"वहीं अन्य अभिभावकों ने भी प्रशासन से अपील की है कि भविष्य में इस तरह के मामलों पर सख्त निगरानी रखी जाए, ताकि विद्यालयों का अनुशासन और शिक्षा का माहौल बना रहे।

### शिक्षा व्यवस्था पर उठे सवाल

यह घटना जिले की शिक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े करती है। यदि ग्रामीणों की सतर्कता न होती, तो यह मामला शायद दबा रह जाता। विशेषज्ञों का मानना है कि इस तरह के मामलों पर विभाग को न केवल त्वरित कार्रवाई करनी चाहिए, बल्कि नशे की लत वाले कर्मचारियों के लिए काउंसलिंग और पुनर्वास कार्यक्रम भी शुरू करना चाहिए।



## जल गुणवत्ता की निगरानी के लिए महिलाओं को मिला प्रशिक्षण

**शहपुरा में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग की पहल**

**शहपुरा।** लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग उपखंड शहपुरा द्वारा आज दिनांक 9 अक्टूबर 2025 को आजीविका भवन शहपुरा में जल गुणवत्ता परीक्षण पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में परियोजना अधिकारी महिला एवं बाल विकास विपिन डेहरिया तथा विभाग की प्रभारी सहायक यंत्री गगन कुम्हरे की उपस्थिति रही। प्रशिक्षण में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं आशा कार्यकर्ताओं को विभाग के रसायनज्ञ योगेश परस्ते एवं विकासखंड समन्वयक द्वारा एफडीसी माध्यम से जल परीक्षण की प्रक्रिया की जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान प्रशिक्षित महिलाओं का विभागीय पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन किया गया ताकि सतत जल निगरानी कार्य नियमित रूप से संचालित हो सके। साथ ही, प्रशिक्षण पूर्ण करने वाली प्रत्येक महिला को पंचायतवार एक-एक जल परीक्षण किट प्रदान की गई, जिससे वे अपने-अपने क्षेत्र में पानी की गुणवत्ता की जांच कर सकें। इस पहल को ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छ पेयजल उपलब्धता एवं स्वास्थ्य सुरक्षा की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

# ग्राम रोजगार सहायकों ने रखीं 11 सूत्रीय मांगें

**मेहंदवानी जनपद पंचायत सीईओ को सौंपा ज्ञापन, कहा मांगे नहीं मानी गईं तो करेंगे अनिश्चितकालीन कलमबंद हड़ताल**

शहपुरा



मनरेगा योजना के तहत कार्यरत ग्राम रोजगार सहायक एवं सहायक सचिवों ने अपनी लंबित समस्याओं के समाधान को लेकर मेहंदवानी जनपद पंचायत सीईओ को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में 11 सूत्रीय मांगों का उल्लेख करते हुए संगठन ने कहा कि यदि शासन स्तर पर शीघ्र निर्णय नहीं लिया गया, तो प्रदेशभर के ग्राम रोजगार सहायक अनिश्चितकालीन कलमबंद हड़ताल पर जाने को विवश होंगे।

ग्राम रोजगार सहायक / सहायक सचिव आजाद संगठन के नेतृत्व में कलेक्टर, जिला पंचायत सीईओ एवं जनपद पंचायत मेहंदवानी के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को संबोधित यह ज्ञापन सौंपा गया। संगठन ने बताया कि विगत 15 वर्षों से ग्राम रोजगार सहायकों ने मनरेगा और पंचायत कार्यों में ईमानदारीपूर्वक योगदान दिया है, लेकिन आज भी उन्हें स्थायी सेवा शर्तें और समान वेतनमान नहीं मिल पा रहा है।संगठन ने कहा कि प्रदेशभर में ग्राम रोजगार सहायकों को पद से हटाने, मानदेय रोकने और मानसिक उत्पीड़न जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि पिछले तीन माह में 30 से अधिक साथियों की असमय मृत्यु हो चुकी है, लेकिन शासन द्वारा उनके परिवारों को किसी प्रकार की आर्थिक सहायता नहीं दी गई है।ग्राम रोजगार सहायकों ने पंचायतों के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, परंतु शासन द्वारा बार-बार उनकी मांगों की अनदेखी की जा रही है। उन्होंने कहा कि यदि शीघ्र निर्णय नहीं लिया गया तो संगठन को विवश होकर कलमबंद हड़ताल का सहारा लेना पड़ेगा।

ज्ञापन में कहा गया है कि ग्राम रोजगार सहायकों को पंचायत सहायक के पद पर संविलियन कर पंचायत सचिवों के समान ग्रेड पे और सेवा शर्तें प्रदान की जाएं। जिन सहायकों की एक ही स्थान पर पदस्थापना को 12 वर्ष से अधिक समय हो चुका है, उनका स्वैच्छिक स्थानांतरण किया जाए। दिवंगत ग्राम रोजगार सहायकों के परिवारों को दस लाख रुपये की मृत्यु अनुग्रह सहायता राशि तथा आश्रितों को अनुकंपा नियुक्ति दी जाए। सचिव-विहीन ग्राम पंचायतों में ग्राम रोजगार सहायकों को सचिवीय प्रभार सौंपा जाए और सचिवों के समान वेतनमान, ग्रेड पे, टीए, डीए एवं एनपीएस जैसी सुविधाएं प्रदान की जाएं।संगठन ने यह भी मांग की है कि लंबित तीन माह का मानदेय शीघ्र भुगतान कराया जाए तथा महिला ग्राम रोजगार सहायकों के विवाह या पारिवारिक कारणों से स्थानांतरण हेतु विशेष प्रावधान बनाया जाए। साथ ही मनरेगा योजना में ग्राम रोजगार सहायकों के प्रति हो रहे मानसिक उत्पीड़न को रोका जाए, रिक्त पदों की पूर्ति के लिए जिला स्तर पर रोस्टर आधारित भर्ती की जाए और मृत सहायकों के परिवारों को वैधानिक सहायता व्यवस्था दी जाए।

ज्ञापन में पूर्व मुख्यमंत्री द्वारा 28 जून 2023 को किए गए महासम्मेलन घोषणाओं के अनुरूप सहायक पंचायत सचिव पदनाम परिवर्तन, सचिवों के समान सेवा शर्तें और मानदेय का समय पर भुगतान सुनिश्चित करने की भी मांग की गई है।ग्राम रोजगार सहायक आजाद संगठन का कहना है कि जब तक उनकी मांगों पर ठोस निर्णय नहीं होता, तब तक संघर्ष जारी रहेगा। संगठन का नारा है – संघर्ष हमारा नारा है, सफलता हमारी मंजिल।ज्ञापन सौंपने के दौरान जनपद पंचायत मेहंदवानी के

धनेश मसराम अध्यक्ष, गया प्रसाद धुर्वे, सूरज तेकाम, विपत ताराम,तोमेश्वर पूषाम, राजकुमार साहू, धनीराम कुशराम, सुनील साहू, राजेश साहू, प्यारे सिंह पंद्राम, लेख सिंह, चिलेश मरावी देवर सिंह परस्ते, नरेंद्र धार्वे, बृजेश कुमार मार्को, मंधु सिंह परस्ते सहित समस्त रोजगार सहायक मौजूद रहे।

## शहपुरा में दो अवैध क्रेशर सील माइनिंग व राजस्व विभाग की संयुक्त कार्यवाही

# अनुविभागीय अधिकारी शहपुरा के निर्देशन में सख्त कार्यवाही





शहपुरा।

गुरूवार को अनुविभागीय अधिकारी शहपुरा के निर्देशन में माइनिंग अधिकारी, तहसीलदार शहपुरा, राजस्व निरीक्षक शहपुरा तथा गठित राजस्व दल द्वारा नगर शहपुरा में संचालित दो स्टोन क्रेशर इकाइयों की जांच की गई। जांच के दौरान रेखा गोस्वामी एवं रवि गोस्वामी द्वारा संचालित दोनों क्रेशर इकाइयाँ अवैध रूप से संचालित पाई गईं। मौके पर क्रेशर संचालकों के पास कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए गए। साथ ही, जांच में अवैध उत्खनन एवं अवैध रूप से खनिज परिवहन किए जाने की पुष्टि हुई।

मौके पर ही विभागीय दल द्वारा दोनों क्रेशरों को तत्काल प्रभाव से सील कर दिया गया। इसके साथ ही, समस्त विवरण एकत्रित कर अग्रिम कार्रवाई हेतु प्रकरण खनिज शाखा को प्रेषित किया गया है। अधिकारियों ने बताया कि जिले में अवैध खनन और अनधिकृत क्रेशर संचालन पर सख्त निगरानी रखी जा रही है। ऐसे मामलों में दोषियों के विरुद्ध कड़ी दंडात्मक कार्यवाही की जाएगी।



## गांव में विद्यालय में शिक्षक की मेहनत से कक्षा में बनाई लाईब्रेरी, लगभग तीन सौ पुस्तकों की उपलब्धता

**डिंडौरी ।** जिले के विकासखंड बजाग के संकुल केंद्र चांडा के माध्यमिक शाला शीतलपानी में शिक्षकों और बच्चों की जागरूकता के चलते विद्यालय के एक कक्षा को लाईब्रेरी के रूप में बदल दिया गया है। विद्यालय के शिक्षक और बच्चों के प्रयास से यहां लगभग 300 पुस्तकों की उपलब्धता है, जिसमें महापुरुष, स्वतंत्रता सेनानी, चित्रकला, चुटकुले, जनरल नॉलेज, लेखक और कहानीकार की पुस्तकें उपलब्ध है। इसके अलावा विद्यालय में नक्शे के माध्यम से पढाई और भूगोल का भौतिक ज्ञान कराया जा रहा है वहीं दूसरी ओर औषधीय जड़ी-बूटी और ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले लोगों के जीवनशैली को चित्रकला के माध्यम से बनाकर म्यूजियम भी बनाया है। नेटवर्क और सुविधा विहीन बैगाचक क्षेत्र की यह पाठशाला के शिक्षक श्री मोती लखीरा की लगन और मेहनत अन्य शिक्षकों के लिए प्रेरणा स्रोत हैं।

# नीचे बोल्डर ऊपर गिट्टी बन गई सीसी सड़क

अमरपुर।

जनपद पंचायत अमरपुर क्षेत्रांतर्गत ग्राम पंचायत मोहनझिर में मुख्य मार्ग से ग्राम रोजगार सहायक की घर की ओर जाने वाली आंतरिक मार्ग में ग्राम पंचायत द्वारा सीमेंट कांक्रीट सड़क निर्माण किया गया हैं। जहां नीचे बड़े-बड़े बोल्डर कीचड़ में डाल कर ऊपर से सीमेंट मिली गिट्टी डाली गई हैं। ग्रामीणों ने जानकारी दी कि पूरी सड़क में बड़े बड़े बोल्डर डालकर ऊपर से कम मात्रा में गिट्टी डाली गई हैं। देखने में भी कांक्रीट की मोटाई बहुत ही कम हैं। जोकि पूर्णत अमानक हैं। कार्य स्थल पर किसी प्रकार का बोर्ड आदि भी नहीं लगा हैं। जिससे सड़क की लंबाई, लागत, मद आदि की जानकारी नहीं मिल सकी हैं। इस संबंध में ग्रामीणों को भी किसी प्रकार की जानकारी नहीं हैं। ग्रामीणों ने यह भी कहा कि इस सड़क को पहले मुख्य मार्ग के पास से बना हैं। जोकि पूरी तरह उखड़ चुकी हैं। अब उस पुराने सड़क के आगे से यह निर्माण किया गया हैं।

### इनका कहना हैं

मैं स्वयं जाकर देखूंगी अगर कहीं गड़बड़ होगा, सुधार करा दिया जाएगा।

**प्रियंका मरावी (सहायक यंत्री)**





## राष्ट्रीय पोषण माह के तहत जिलेभर में थीम आधारित कार्यक्रम आयोजित

डिंडौरी ।

कलेक्टर श्रीमती अंजू पवन भदौरिया के निर्देशन एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग डिंडौरी के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय पोषण माह के 20वें दिन जिले के विभिन्न आंगनवाड़ी केंद्रों में "कम नमक, कम चीनी, कम तेल स्वस्थ जीवन की ओर कदम" विषय पर विशेष थीम आधारित कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का उद्देश्य समुदाय को संतुलित पोषण एवं स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना रहा। इस अवसर पर आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा उपस्थित महिलाओं, किशोरियों और माताओं को दैनिक जीवन में कम नमक, कम चीनी और कम तेल के उपयोग के स्वास्थ्य लाभ बताए गए। उन्हें समझाया गया कि इनका अत्यधिक सेवन हृदय रोग, मधुमेह, मोटापा और उच्च रक्तचाप जैसी बीमारियों का कारण बनता है। आयोजन के दौरान प्रदर्शनियों, समूह चर्चाओं, पोषण रैली एवं खेल गतिविधियों के माध्यम से संदेश को सरल और आकर्षक ढंग से प्रस्तुत किया गया। बड़ी संख्या में हितग्राही महिलाएं और बच्चे कार्यक्रम में शामिल हुए तथा सभी ने कम नमक, कम चीनी और कम तेल के प्रयोग को अपने दैनिक भोजन में अपनाने की शपथ ली। कार्यक्रम का प्रमुख उद्देश्य समुदाय में स्वास्थ्य एवं पोषण संबंधी जागरूकता बढ़ाना और संतुलित भोजन की आदतों को प्रोत्साहित करना रहा। इस जनहितैषी पहल की सराहना स्थानीय समुदाय एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा भी की गई।

In The Court Of Civil Judge Class-II,
Civil Court Shahpura, District Dindori
Presiding Officer करनल सिंह श्याम
(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अन्तर्गत प्रकाशन हेतु)
(RCSA/0000011/2025)
श्रीमती सीता बाई मरकाम... ..........वादी
Vs
दशरथसिंह मरकाम उर्फ कृष्णकुमार........ प्रतिवादी
212
प्रेषिती- Process Id-/2025
पेशी दिनांक :- 17/10/2025

(1) दशरथसिंह मरकाम उर्फ कृष्णकुमार पिता स्व. गंगूसिंह पता ग्राम डोभी माल पोस्ट रयपुरा थाना व तहसील शहपुरा जिला डिण्डौरी

यह कि प्रार्थी श्रीमती सीता बाई मरकाम ने आपके विरूद्ध दावा स्वत्व घोषणा एवं स्थाई निषेधाज्ञा हेतु लिए वाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात /हाजिर होने के लिये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें।

आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें

यह आज तारीख 15 September 2025 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है

(कर्नल सिंह श्याम)
व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड शहपुरा
के अतिरिक्त न्यायाधीश शहपुरा जिला डिण्डौरी (म.प्र.)
कृपया ध्यान दें:- 1. यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो अगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।

## खबर संक्षेप

### अज्ञात वाहन ने साइकिल चालक को रौंदा दर्दनाक मौत

**तेंदूखेड़ा** विगत दिवस राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 45 जबलपुर भोपाल सड़क मार्ग के बीच खमरिया बरांझ तिगड्डा पर एक अज्ञात वाहन ने साइकिल से अपने घर वापस जा रहे मुन्ना धानक रम्पुरा टोला निवासी को बुरी तरह से टक्कर मार दी जिसमें मुन्ना धानक की घटना स्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई।घटना की जानकारी लगते ही मौके पर पुलिस पहुंची और शव बाहन भेजकर शव को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तेंदूखेड़ा लेकर आई।

### कांग्रेस ने किया विरोध प्रदर्शन, दी श्रद्धांजलि



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** प्रदेश सरकार स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही से सीरप दवा पीने से छिंदवाड़ा एवं अन्य स्थानों पर बच्चों की दर्दनाक मौत होने पर कांग्रेस के कार्यकर्ताओं पदाधिकारियो ने इंदिरा स्मारक से लेकर सुभाष पार्क तक मोमबत्ती जलाकर विरोध प्रदर्शन किया और प्रदेश सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इस मौके पर कांग्रेस के नेताओं ने कहा कि बेहद अफसोस और चिंता का विषय है कि प्रदेश सरकार संवेदनहीन है। पहले सरकार बच्चों की मौत को छुपाने का प्रयास करती रहेगी स्वास्थ्य विभाग दवा कंपनी का बचाव करते रहे । किंतु जब बच्चों की मौत की संख्या बढ़ने लगी और विरोध होने लगा तब सरकार ने जांच के आदेश दिए और मात्र जांच का भी दिखावा किया जा रहा है। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि छिंदवाड़ा के सांसद सहित भाजपा के नेताओं प्रदेश सरकार के जवाबदारी मंत्री मुख्यमंत्री बच्चों के परिवार से मिलने नहीं पहुंचे। अब प्रदेश सरकार के जिम्मेदार लोग पहुंचे रहे हैं। कांग्रेस नेताओं ने कहा की पूर्णता यह घोर लापरवाही का नतीजा है। पीड़ति परिवारों की मदद भी नहीं की जा रही और दोषियों पर कार्रवाई करने से सरकार बच रही है। कांग्रेस के नेताओं ने बच्चों को श्रद्धांजलि दी।

### मेंटल हेल्थ एवं कैरियर काउंसलिंग शिविर का आयोजन



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस शासकीय हाई स्कूल खापा शेढ़ में विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास एवं जागरूकता हेतु मेंटल हेल्थ काउंसलिंग तथा करियर काउंसलिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के कक्षा 9 वीं एवं 10 वीं के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। सत्र के दौरान मेंटल हेल्थ काउंसलर मनोरमा कश्यप ने विद्यार्थियों को मानसिक स्वास्थ्य के महत्व, तनावमुक्त अध्ययन पद्धति, सकारात्मक सोच, तथा आत्मविश्वास बढ़ाने के उपायों के बारे में विस्तारपूर्वक बताया। उन्होंने विद्यार्थियों को यह भी समझाया कि परीक्षा के समय मानसिक संतुलन बनाए रखने और नियमित दिनचर्या अपनाना सफलता की कुंजी है। इसके पश्चात करियर काउंसलर रूबी साहू द्वारा विद्यार्थियों को विभिन्न करियर विकल्पों के बारे में मार्गदर्शन प्रदान किया गया। उन्होंने विद्यार्थियों को अपनी रुचि, योग्यता और भविष्य की संभावनाओं को ध्यान में रखते हुए करियर चयन करने की सलाह दी। साथ ही उन्होंने विज्ञान, वाणिज्य, कला एवं व्यावसायिक क्षेत्रों में उपलब्ध अवसरों पर भी विस्तृत जानकारी दी। विद्यार्थियों ने सत्र के दौरान अनेक प्रश्न पूछे, जिनका विशेषज्ञों ने धैर्यपूर्वक उत्तर दिया। विद्यार्थियों ने बताया कि यह सत्र उनके लिए अत्यंत उपयोगी एवं प्रेरणादायक रहा। कार्यक्रम में विद्यालय स्टॉफ शिक्षक कुबेर पटेल, भूपेंद्र पटेल आशीष विश्वकर्मा, ओंकार गोस्वामी, प्रीति धुर्वे, गेंदालाल काछी का सहयोग प्राप्त हुआ।

## प्रशासन की अनदेखी पड़ सकती है महंगी

# अनदेखी: मेडिकल वेस्टेज को आहार बना रहे पशु

**हरिभूमि न्यूज़ - नरसिंहपुर।** जिले वासियों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं दिए जाने के लेकर सरकार द्वारा हर संभव प्रयास किया जा रहा है लेकिन प्रशासन के जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा व्यवस्थाओं में सुधार को लेकर कोई रूचि नही दिखाई जाती है। जिससे शासकीय चिकित्सलयों की व्यवस्थाएं शासन के मापदंड के अनुसार नही हो पाती और लोगों को बेहतर सुविधाएं देने का वादा सरकार पूरा नही कर पाती है और लोग सरकार को कोसते रहते है। प्रशासन के जिम्मेदार अधिकारियों की लापरवाही के कारण जिला चिकित्सालय की व्यवस्था सुधरने का नाम नहीं ले रही है। जिला चिकित्सालय मे आए दिन लोगों शासन की सेवाओं के लिये परेशान होते नजर आते है जिसकी शिकायत लोगों द्वारा अनेकों बार की जा चुकी है उसके बाद भी व्यवस्थाओं में कोई व्यापक सुधार नही हो सका और ना ही जिम्मेदार कर्मचारियों की कार्य प्रणाली में कोई अंतर हुआ है ऐसी ही लापरवाही गत दिवस की सामने आई।

### मेडिकल वेस्टेज बन रहा पशु आहार

सरकार द्वारा जिले के लोगों को बेहतर सुविधाएं मुहैया कराने को लेकर अनेको प्रयास किये जा रहे है। अस्पताल को साफ स्वच्छ रखने के लिये निजी कंपनी को ठेका दिया। वही अस्पताल से निकलने वाले कचरे को सावधानी पूर्वक भंडारण व नष्ट किये जाने के लिए भी बेहतर प्रबंध किया गया है लेकिन जिम्मेदारों की मिलीभगत के कारण अस्पताल से निकलने वाले कचरे को एक स्थान पर डंप किया जा रहा है वही उसे सुरक्षित नहीं किया जा रहा है। अस्पताल परिषर मे



घूमने वाले आवारा पशु मेडिकल वेस्टेज को अपना आहार बना रहे है जबकि शासन द्वारा अस्पताल मे पशुओं को प्रवेश रोकने तथा सुरक्षा व्यवस्था के लिये सुरक्षा गार्ड तैनात किये गये है परन्तु उसका कोई लाभ लोगो को नही मिल रहा है।

### फैल सकती है बीमारी

अस्पताल मे आने वाले मरीजों के उपयोग किये गये विविध प्रकार की समाग्री को सुरक्षित स्थान पर सावधानी पूर्वक डंप किया जाना है तथा उक्त मेडिकल वेस्टेज को आवारा पशु व लोगो को पहुंच से दूर रखने के लिये निर्देश भी दिये गय है परन्तु प्रशासन के जिम्मेदारों की अनदेखी के कारण सब खुले मे पड़ा हुआ है जिसे आवारा मवेशी खाते हुये नजर आ रहे है जिससे बीमारी और फैलने के आसर बढ़ रहे है। उक्त समस्या जिला चिकित्सालय मे लंबे समय से बनी हुई हे जिस ओर प्रशासन के जिम्मेदार तथा सफाई कंपनी के ठेकेदार द्वारा कोई ध्यान नही दिया जा रहा है और ना ही कोई ठोस कार्रवाई की जा रही है। जबकि उक्त वेस्टेज को सुरक्षित रूप से नष्ट करने का कार्य संबंधित सफाई ठेकेदार का है।

### ठोस कार्रवाई करे प्रशासन

जिला चिकित्सालय मे व्याप्त अनियमितता की जांच कर प्रशासन के जिम्मेदार अधिकारियों को ठोस कार्रवाई की जानी चाहिए जिससे ऐसे गंभीर मामलों मे कर्मचारियों द्वारा लापरवाही ना बरती जाए। अस्पताल से निकलने वाले कचरे मे विविध प्रकार की हानिकारक सामग्रियां होती है जिन्हे खाने से पशुओं को भी गंभीर बीमारी तथा अनेकों प्रकार की परेशानी बन सकती है। लेकिन स्वास्थ्य विभाग के जिम्मेदार कर्मचारियों के कानों मे जूं तक नहीं रेंग रही है। जो कि गंभीर चिंता का विषय बना हुआ है। जिसे लेकर आये दिन जिला चिकित्सालय चर्चा मे बना रहता है। फिलहाल अधिकारियों के आश्वासन के बाद समस्या का समाधान होने की संभावना बनी हुई है।

### इनका कहना है

उक्त समस्या का शीघ्र निराकरण करने की कार्रवाई जारी है। जल्द ही कचरे को सुरक्षित जगह डंप करने व्यवस्था की जावेगी। उसके लिए कचरा घर का निमार्ण कराया जा रहा है।

**डॉ. राजकुमार चौधरी**
**सिविल सर्जन**

## 173 लंबित प्रकरणों का कराया निराकरण

**हरिभूमि न्यूज़ - नरसिंहपुर।** सर्वोच्च न्यायालय तथा मीडिएशन एवं कंसिलिएशन प्रोजेक्ट कमेटी नई दिल्ली के आदेशानुसार एवं न्यायमूर्ति संजीव सचदेवा, मुख्य न्यायाधिपति मप्र उच्च न्यायालय तथा न्यायमूर्ति अतुल श्रीधरन, कार्यपालक अध्यक्ष मप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार एवं अखिलेश शुक्ला प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जिला नरसिंहपुर एवं तहसील गाडरवारा, गोटेगांव व तेंदूखेडा के समस्त सिविल न्यायालयों में राजीनामा योग्य एवं शमनीय 173 लंबित प्रकरणों को मीडिएशन फार द नेशन अभियान के अधीन 01 जुलाई से 30 सितम्बर 2025 के मध्य निराकृत किया गया। जिसमें वैवाहिक प्रकृति के 19 प्रकरण मोटर दुर्घटना दावा के 02 प्रकरण घरेलू हिंसा के 02 प्रकरण चैक बाउंस के 69 प्रकरण आपराधिक प्रकृति के 61 प्रकरण विभाजन मामलों का 01 प्रकरण एवं अन्य सिविल प्रकृति के 19 प्रकरणों को श्रेणीवार निराकरण हुआ। महत्वपूर्ण है कि मध्यप्रदेश में उक्त 90 दिवसीय अभियान के अधीन तहसील स्तर के न्यायालयों से लेकर उच्च न्यायालय स्तर तक मध्यस्थता हेतु योग्य प्रकरणों को चिन्हित किया जाकर सक्षम एवं प्रशिक्षित मध्यस्थों को मध्यस्थता हेतु प्रकरण प्रेषित किए गए और संबंधित पक्षकारों को मध्यस्थता हेतु सूचना प्रदान की जाकर पक्षकारों की सहमति से प्रकरणों के निराकरण का प्रयास किया गया जिसमें प्रशिक्षित मध्यस्थों के अतिरिक्त न्यायाधीशगण, अधिवक्तागण एवं पक्षकारों का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ।

### सरस्वती विद्यालय में अभिभावक गोष्ठी सम्पन्न

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** सरस्वती शिशु उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में अभिभावक गोष्ठी का आयोजन किया गया। विद्यालय प्रबंध समिति की अनुशंसा से आयोजित उक्त गोष्ठी में कक्षा अरुण से द्वादश तक के अभिभावक गण ने कक्षा-कक्षों में पहुंचकर कक्षाचार्य के माध्यम से त्रैमासिक परीक्षा परिणाम प्राप्त किया तथा शैक्षणिक व अन्य गतिविधियों से अवगत हुए। संस्था प्राचार्य आनंद मोहन कुर्मी प्रधानाचार्य तुलसीराम पाराशर, राजेन्द्र पटैल के मार्गदर्शन में आयोजित गोष्ठी में अभिभावक गण ने उपयोगी सुझाव व समस्याओं से अवगत कराया। उक्त गोष्ठी में 70 प्रतिशत अभिभावकों ने उपस्थिति दी। विद्यालय परीक्षा प्रभारी श्रीमती ज्योति जोशी, श्रीमती सोमजया मिश्रा, श्रीमती सुनीता यादव की कार्य योजना में आयोजित उक्त गोष्ठी में समस्त कक्षाचार्यो का सहयोग रहा।

### आंगनबाड़ी में गोदभराई और राशन वितरण



**तेंदूखेड़ा** 16 सितंबर से 17 अक्टूबर तक राष्ट्रीय पोषण ट्रेक्टर कार्यक्रम के अंतर्गत विगत दिवस आंगनवाड़ी केंद्र में पोषण ट्रैकर अधिकारी सेक्टर सुपरवाइजर के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय पोषण दिवस माह मनाया गया।हमारे प्रतिनिधि को मिली जानकारी के अनुसार इस अभियान का उद्देश्य चार समूहों में विभाजित किया गया है। जिसके अंतर्गत किशोर लड़कियों गर्भवती महिलाओं स्तनपान करने वाली माताओं और 6 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को लक्षित करके स्टंटिंग कुपोषण कम वजन की व्यापकता को रोकना और कम करना है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य पोषण से मुक्त भारत का लक्ष्य हासिल करना है। जो नीति आयोग द्वारा तैयार की गई राष्ट्रीय पोषण रणनीति पर आधारित है और आईसीटी सूचना और संचार प्रौद्योगिकी की आधारित उपकरणों आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के प्रशिक्षण और पोषण संसाधन केदो की स्थापना जैसे उपायों के लिए निर्धारित किया गया है। किशोरियों महिलाओं और बच्चों में आयरन की कमी से होने वाले एनीमिया को घटना है तथा जन्म के समय कम वजन वाले शिशुओं की दर को कम करना आदि प्रमुख उद्देश्यों को लेकर इसका प्रचार प्रसार किया जा रहा है। गर्भवती महिलाओं को टिप्स देते हुए पर्याप्त मात्रा में प्रोटीन आयरन और कैल्शियम युक्त खाने का सेवन जैसे दाल पनीर अंडा पालक सोयाबीन नॉनवेज अनार नारियल चना हरी सब्जी नियमित रूप से भोजन में लेना चाहिए एवं कम से कम दिन में 3 लीटर पानी पीना चाहिए। तथा मसालेदार खाने से परहेज करना और व्रत आदि न रखने की सलाह दी। उक्त अवसर पर आंगनवाड़ी कार्यकर्ता व सहायक कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही।

### पति की लंबी उम्र के लिए पत्नियां आज रखेंगी व्रत



**तेंदूखेड़ा** पति की लंबी उम्र को लेकर आज करवा चौथ पर पत्नियां निर्जला व्रत रखेंगी और चंद्र दर्शन कर अर्घ्य देकर पूजन के साथ चलनी की ओट से दीदार करेंगी। करवा चौथ को लेकर बाजार में भी अच्छी चहल पहल देखी जा रही है। विशेष तौर से साड़ियों सोने चांदी मिठाई और ब्यूटी पार्लर सौन्दर्य प्रसाधन की दुकानों पर विशेष भीड़ देखी जा रही है। बाजार में करवा की दुकानें सजी हुई है।

## सरपंच संघ की बैठक में एकजुटता पर जोर



### आने वाले समय में वृहद स्तर पर आंदोलन पर चर्चा

**तेंदूखेड़ा** विगत दिवस जिला सरपंच संघ नरसिंहपुर की बैठक राष्ट्रीय सरपंच संघ के प्रदेश अध्यक्ष आदरणीय राजवीर सिंह तोमर की अध्यक्षता में जनपद पंचायत चांवरपाठा के सभाकक्ष आयोजित की गई।बैठक में सरपंचों को विकास कार्यों में आ रही अनेक समस्याओं और अधिकारों को लेकर उपस्थित सरपंच सरपंच संघ अध्यक्ष ओमप्रकाश पटैल अभिषेक कौरव जनपद अध्यक्ष सोवरन सिंह ठाकुर प्रदेश पदाधिकारी महेन्द्र बुन्देला हेमराज राजपूत एवं प्रदेश अध्यक्ष राजवीर सिंह तोमर ने विस्तार से चर्चा करते हुए कहा कि हमें दलगत राजनीति से हटकर सरकार से हमारे अधिकारों के लिए हमारी जायज मांगों के लिए प्रदेश के सभी सरपंच साथियों एकजुटता दिखानी होगी सरकार हमारे अधिकार एक एक करके छीनतीं जा रही है। नित नये आदेश जारी हो रहे हैं। हमारे फंड में कटोती करने सहित खातों में उपलब्ध राशि को विकास कार्यों में खर्च करने में आ रही कठिनाईयों सहित बहुत सी परेशानियों के सम्बन्ध में विस्तार से प्रकाश डाला गया । प्रदेश अध्यक्ष श्री तोमर ने कहा कि यदि हम हमारे अधिकारों को हासिल करने आगे आकर नहीं लड़ सके तो हमें हमारे ग्रामों की जनता कभी माफ नहीं करेगी और न ही आने वाले समय में सरपंच अपने अधिकारों के लिए लड़ पायेगा।

इन्हीं सब समस्याओं को लेकर शीघ्र ही प्रदेश के सभी सरपंच संगठन संयुक्त मोर्चा के बैनर तले भोपाल में एक बड़ा आंदोलन करने जा रहा है। जिसमें जिला पंचायत अध्यक्ष सदस्यगण जनपद अध्यक्ष सदस्यगण प्रदेश के सभी 23000 हजार सरपंचगण उपसरपंचगण पंचगण अधिक से अधिक संख्या में भोपाल पहुंचकर आंदोलन में अपनी सहभागिता प्रदान करें। जिससे हमारा आंदोलन सफल हो सके।बैठक में जनपद पंचायत चांवरपाठा एवं चीचली के अधिकांश सरपंच उपस्थित रहे।

### हत्या के आरोपी को आजीवन कारावास

**हरिभूमि न्यूज़ - नरसिंहपुर।** न्यायालय विशेष न्यायाधीश एससी / एसटी एक्ट अमित रंजन समाधिया के न्यायालय द्वारा हत्या के आरोप में दोषसिद्ध पाये जाने पर आरोपी सेवाराम नौरिया निवासी ग्राम रहिली थाना सुआतला हाल पता बीकोर थाना सुआतला चौकी बरमान उम्र 58 साल को भारतीय दंड विधान की धारा 302 के तहत आजीवन कारावास एवं 1000 रुपये के अर्थदंड से दंडित किया गया है।

## भगवान भरोसे चल रहा डोभी विद्युत वितरण केंद्र

### रात भर सूना पड़ा रहा कार्यालय

**तेंदूखेड़ा** एक तरफ जहां शासन द्वारा शासकीय कर्मचारियों को मुख्यालय पर रहने के लिए आवश्यक निर्देश दिए गए हैं। विद्युत आपूर्ति जैसे कार्यालयों में कर्मचारियों का रहना संवेदनशील विषय की श्रेणी में आता है। फिर भी इस विषय को गंभीरता से नहीं लिया जा रहा है।ऐसा ही एक मामला डोभी विद्युत वितरण केंद्र में देखनें को मिला है जहां कार्यालय में रात्रि के समय अधिकारी कर्मचारी नदारद पाये जाते हैं और उपभोक्ताओं की को शिकवा शिकायतें हुआ करती है तो आज कल का हवाला दे दिया जाता है। हमारे प्रतिनिधि को उपभोक्ताओं ने बताया कि विगत दिवस बुधवार की मध्यरात्रि डोभी विद्युत वितरण केंद्र के अधीन काम करने वाले कर्मचारियों की जमकर अनियमितताएं सामने निकल कर आई जहां पूरी रात केंद्र पर ना तो कोई शासकीय कर्मचारी पदस्थ रहा और ना ही कोई आउटसोर्स कर्मचारी रात्रि 11:45 से सुबह 9 तक डोभी विद्युत वितरण केंद्र के अंतर्गत आने वाले सभी ग्रामीण क्षेत्र अंधेरे में रात्रि गुजरने मजबूर देखे गए।सुबह जब ग्रामीणों द्वारा विभागीय अधिकारियों को फोन लगाकर जानकारी दी गई।विभागीय अधिकारियों ने अपना पल्ला झाड़ते हुए जवाब देने से बचते रहे सोचनीय विषय है कि इतने गंभीर मुद्दे पर भी कनिष्ठ यंत्री द्वारा कोई कारवाई नहीं की गई। जब हमारे प्रतिनिधि ने कनिष्ठ यंत्री से इस संबंध में जानकारी चाहिए तो उन्होंने भी गोल-मोल जवाब देते हुए जानकारी देने से इनकार कर दिया। एक ओर जहां आये दिन किसान संघ अपनी विभिन्न समस्याओं और उपभोक्ताओं द्वारा बड़े हुए विद्युत विलो को लेकर आंदोलन और ज्ञापन का सहारा लेकर इनके कारनामों नाकामियों को उजागर करते हुए देखे जा रहें हैं वहीं दूसरी तरफ इनकी विभाग में पदस्थ कुछ कर्मचारियों की मनमानी किस तरह आम उपभोक्ताओं पर भारी पड़ रही है रात भर अंधेरे में रहने रात गुजारने के बाबजूद कर्मचारी को आखिर क्या दंड मिलेगा यह अधिकारियों की स्वेच्छाचारी पर निर्भर करता है।

## गोद ग्राम गौरतला में एड्स जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

### एनएसएस एवं रेड रिबन क्लब की संयुक्त पहल – रैली, रंगोली प्रतियोगिता एवं नुक्कड़ नाटक के माध्यम से जनजागरूकता

**गौरतला,** ।श्री जगतगुरु शंकराचार्य कला, वाणिज्य एवं शिक्षण महाविद्यालय, श्रीनगर की राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS) की संयुक्त इकाई एवं रेड रिबन क्लब के संयुक्त तत्वावधान में आज गोद ग्राम गौरतला में एड्स जागरूकता कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया।कार्यक्रम के अंतर्गत एड्स जागरूकता रैली निकाली गई, जिसमें स्वयंसेवकों ने प्रेरणादायक नारों के माध्यम से ग्रामवासियों को जागरूक किया —एड्स से बचाव ही जीवन का सम्मान है।" "जागरूक बनो, एड्स को हराओ।" "रेड रिबन – जीवन से जुड़ाव का प्रतीक।" "एड्स से डरना नहीं, बचाव करना है।" "थोड़ी सी सावधानी, जीवनभर सुरक्षा।" "ज्ञान ही है एड्स से रक्षा का सबसे बड़ा हथियार।"रैली के पश्चात एड्स विषय पर रंगोली प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें स्वयंसेवकों ने अपनी सृजनात्मकता के माध्यम से जनजागरूकता का सशक्त संदेश दिया। इसके साथ ही



नुक्कड़ नाटक का मंचन किया गया, जिसमें स्वयंसेवकों ने एड्स के कारण, लक्षण और बचाव के उपायों को प्रभावशाली एवं प्रेरक शैली में प्रस्तुत किया। ग्रामीणों ने इस प्रस्तुति की सराहना की और इसे अत्यंत उपयोगी बताया।कार्यक्रम का सफल संचालन कार्यक्रम अधिकारी प्रो. एस. पी. डेहरिया एवं महिला कार्यक्रम अधिकारी प्रो. अंकिता नामदेव के मार्गदर्शन में किया गया।इस अवसर पर महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. दिलीप पाठक ने स्वयंसेवकों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा "एड्स जैसी बीमारी से बचाव का सबसे प्रभावी उपाय है जागरूकता और सतर्कता। रेड रिबन इस जागरूकता और जीवन से जुड़ाव का प्रतीक है।"यह आयोजन राष्ट्रीय सेवा योजना के जिला संगठक डॉ. दिलीप पाठक के निर्देशन एवं सहयोग में संपन्न हुआ।कार्यक्रम के अंत में स्वयंसेवकों ने संकल्प लिया कि वे समाज में एड्स के प्रति जागरूकता फैलाने हेतु निरंतर कार्य करते रहेंगे और यह संदेश जन-जन तक पहुँचाएँगे।सभी ने एक स्वर में नारा लगाया "जागरूकता ही है एड्स से रक्षा का सबसे मजबूत हथियार।"कार्यक्रम को सफल बनाने में महाविद्यालय का समस्त स्टाफ तथा बड़ी संख्या में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक एवं छात्र-छात्राओं की उपस्थित रही।